# न्यायालय उपखण्ड़ अधिकारी, बाली, जिला–पाली(राजस्थान)
## पीठासीन अधिकारी : श्री दिनेश विश्नोई, आर.ए.एस.

राजस्व विविध प्रकरण GCMS NO 2024/310
दायरा तिथि : 14.08.2024
आदेश तिथि : 21-07-25
प्रार्थी :–

यदुवीरसिंह राणावत पुत्र बलजीतसिंह जाति राजपूत निवासी बेडा तहसील बाली

ब ना म

अप्रार्थी :–

राजस्थान सरकार जरिये (भूमिधारी) तहसीलदार बाली

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 251(ए) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन अधिनियम, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 बाबत रेकर्डेड नया रास्ता उपलब्ध कराने

आदेश दिनांकः 21-07-25

प्रार्थी ने निर्धारित प्ररूप में आवेदन–पत्र अन्तर्गत धारा 251(ए) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 सपठित नियम–68 प्रस्तुत कर प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम रूघनाथपुरा पटवार हल्का दुदनी तहसील बाली के खसरा नंबर 920/5 रकबा 0.96 हैक्टर की भूमि में आवागमन के लिए कोई विकल्प/रास्ता उपलब्ध नही होने से राजकीय सिवायचक भूमि ग्राम रूघनाथपुरा पटवार हल्का दुदनी तहसील बाली के खसरा नंबर 920 रकबा 75.57 हैक्टर, खसरा नंबर 838 रकबा 2.96 हैक्टर एवं खसरा नंबर 804 रकबा 9.89 हैक्टर में से प्रार्थना पत्र के संलग्न नजरी नक्शा मे लाल रंग से दर्शित ट्रेक से नया मार्ग उपलब्ध कराये जाने का निवेदन किया गया। प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के साथ राजस्व अभिलेखो की प्रतियां भी प्रस्तुत की गई। प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के संबंध मे राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन अधिनियम, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 के नियमो के नियम–69(i) के अन्तर्गत एवं इस संबंध मे राज्य सरकार राजस्थान राजस्व (ग्रुप–6) की अधिसूचना क्रमांक : F.3(2) Rev.6/ 03/ pt / 7 Jaipur Dated : 02.03.2012 द्वारा प्रदत्त निर्देशो के अनुसरण मे तहसीलदार बाली को मौका एवं अभिलेखीय स्थिति की जांच कर सम्पूर्ण स्थिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षक भू–अभिलेख बेडा ने जांच कर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की। निरीक्षक भू–अभिलेख बेडा की जांच रिपोर्ट अनुसार :–

1. यह है कि प्रार्थी की धारित भूमि तक आवागमन हेतु कोई रास्ता वैकल्पिक रूप से उपलब्ध नहीं है।
2. प्रस्तावित रास्ता किसी सडक अथवा किसी कटान मार्ग से न्यूनतम दूरी का है। इससे कम दूरी का रास्ता मौके पर उपलब्ध नहीं है। (खसरा नंबर 738 गै.मु.नाला होने की स्थिति में)
3. यह है कि प्रस्तावित रास्ता मौके पर चलायमान है।
4. यह है कि रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि का खसरावार विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र. स. | खसरा नंबर | रकबा हैक्टर में | किस्म | रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि का क्षैत्रफल | नाम खातेदार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 920 | 75.57 हैक्टर | गै.मु. मगरा | 25X9=225 वर्गमीटर | राजकीय सिवायचक भूमि राजस्थान सरकार |
| 2 | 923 | 97.71 हैक्टर | गै.मु. मगरा | 1750X9=15750 वर्गमीटर | राजकीय सिवायचक भूमि राजस्थान सरकार |

5. यह कि निरीक्षक भू–अभिलेख बेडा द्वारा प्रस्तावित भूमि की डी.एल.सी. दर 130000/– रूपये प्रति हैक्टर है।
6. यह है कि प्रस्तावित रास्ते हेतु उपयोग में आने वाले भू–भाग पर निर्माण कार्य, वृक्ष या अन्य कोई क्षति नहीं है।

प्रकरण मे निरीक्षक भू–अभिलेख बेडा द्वारा रिपोर्ट प्रेषित कर प्रार्थी की मांग अनुसार रास्ता दिये जाने बाबत अनुशंषा की गई। निरीक्षक भू–अभिलेख बेडा से रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्रकरण में वकील प्रार्थी व पैरोकार सरकार की बहस सुनी गई।

पत्रावली व उपलब्ध रेकर्ड के अध्ययन व वकुलाय की बहस पर मनन के पश्चात् यह जाहिर है कि आवेदक की खातेदारी भूमि ग्राम रूघनाथपुरा पटवार हल्का दुदनी तहसील बाली के खसरा नंबर 920/5 रकबा 0.96 हैक्टर की भूमि में आवागमन के लिए कोई रास्ता वर्तमान में उपलब्ध नहीं होने से निरीक्षक भू–अभिलेख बेडा द्वारा जांच के पश्चात् नया रेकर्डेड रास्ता प्रस्तावित किया गया है।

न्यायालय उप - खण्ड अधिकारी बाली, जिला - पाली (राज.)

3

सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड़ अधिकारी,बाली

पेज लगातार..........02

Scanned with CamScanner

**राजस्व विविध प्रकरण संख्या : Gcms No 2024/310**
**अनवान यदुवीरसिंह बनाम सरकार**
***अंतर्गत धारा 251 ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955***

अतः राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 संशोधन, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 तथा इस संबंध मे राज्य सरकार राजस्थान राजस्व (ग्रुप–6) की अधिसूचना क्रमांक : F.3(2)Rev.6/ 03/ pt/ 7 Jaipur Dated : 02.03.2012 तथा राज्य सरकार राजस्व (ग्रुप–6) के परिपत्र क्रमॉकःप.3(52) राज–6/12/4 जयपुर दिनांक 14.06.2013 के द्वारा प्रदत्त निर्देशो/शक्तियो के अनुसरण मे प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम रूघनाथपुरा पटवार हल्का दुदनी तहसील बाली के खसरा नंबर 920/5 रकबा 0.96 हैक्टर की भूमि में आवागमन के लिए कोई विकल्प/रास्ता उपलब्ध नही होने से राजकीय सिवायचक भूमि ग्राम रूघनाथपुरा पटवार हल्का दुदनी तहसील बाली के खसरा नंबर 920 रकबा 75.57 हैक्टर एवं खसरा नंबर 923 रकबा 97.71 हैक्टर में से **225+15750=15975 वर्गमीटर** रास्ता हेतु नियमो के नियम 70 (i)(ख) के अन्तर्गत राज्य सरकार को देय प्रतिकर राशि का निर्धारण करते हुए **निरीक्षक भू–अभिलेख बेडा द्वारा प्रस्तुत नक्शा मौका के अनुरूप उपलब्ध कराये जाने के आदेश** दिये जाते है।
राजस्व रेकार्ड में इन्द्राज किये जाने से पूर्व तहसीलदार, बाली देय प्रतिकर राशि को जमा करावे। प्रतिकर राशि नियमानुसार निर्धारण की जाती है :–

| खसरा नंबर | रकबा हैक्टर में | रास्ते के लिये प्रभावित क्षेत्रफल | डी.एल.सी. दर (प्रति व.मी.) रूपये | देय प्रतिकर राशि की डी.एल.सी. दर 130000/–रूपये प्रति हैक्टेयर से दुगुनी राशि | नाम खातेदार |
|---|---|---|---|---|---|
| 920 | 75.57 हैक्टर | 25X9=225 वर्गमीटर | 13 | 2925X2=5850 | राजकीय सिवायचक भूमि राजस्थान सरकार |
| 923 | 97.71 हैक्टर | 1750X9=15750 वर्गमीटर | 13 | 204750X2=409500 | राजकीय सिवायचक भूमि राजस्थान सरकार |

**प्रस्तावित रास्ता में अन्य कोई क्षति यथा निर्माण/वृक्ष संरचना कारित नही होने से उक्तानुसार राशि 415350/– (अक्षरे चाल लाख पन्द्रह हजार तीन सौ पचास रूपये मात्र)** रूपये आवेदक द्वारा बतौर प्रतिकर राशि तहसील कार्यालय में जमा करवाई जायेगी। निरीक्षक भू–अभिलेख बेडा द्वारा रिपोर्ट के साथ प्रेषित नक्शा को आदेश का भाग माना जायेगा।

तहसीलदार, बाली प्रतिकर राशि अदायगी की सुनिश्चितता कर उक्त प्रस्तावित भूमि राजस्व रेकार्ड में बतौर **राजकीय सिवाय चक गै.मु. रास्ता** दर्ज करेंगे।

तहसीलदार, बाली उपरोक्तानुसार पालना सुनिश्चितता कर राजस्व रेकार्ड मे अमल दरामद के साथ नक्शा मे तरमीम कर पालना प्रस्तुत करे। आदेश की प्रति सभी संबंधित को पालनार्थ भिजवायी जावे। मिसल फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो।

न्यायालय उप - खण्ड अधिकारी बाली, जिला - पाली (राज.)


सहायक कलेक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी बाली
(...) आर.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी, बाली
दिनांक : 21-07-25

क्रमांक/कोर्ट/2025/967-971
**प्रतिलिपि निम्नांकित को पालनार्थः–**

1. तहसीलदार, बाली निजी खातेदार को देय प्रतिकर राशि अमानत मद तथा राज्य सरकार को देय प्रतिकर राशि संबंधित मद में जमा की सुनिश्चितता करें।
2. निरीक्षक भू0अ0 बेडा
3. पटवारी हल्का, दुदनी
4. तहसील राजस्व लेखाकार तहसील बाली
5. आवेदक यदुवीरसिंह राणावत पुत्र बलजीतसिंह जाति राजपूत निवासी बेडा तहसील बाली को सूचनार्थ।

सहायक कलेक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी,बाली

Scanned with CamScanner




सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी,बाली

Scanned with CamScanner